हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 6 मई 2024




## लग्न का अभाव : 23 साल बाद मई-जून में नहीं गूंजेगी शहनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अक्षय तृतीया के बाद आमतौर पर शादियों का मुहूर्त प्रारंभ हो जाता है और मई तथा जून में थोक में शादियां होती है, लेकिन 23 साल बाद ऐसा हो रहा है कि इस बार मई और जून में शादियों का कोई भी मुहूर्त अक्षय तृतीया के बाद नहीं है। दो माह बाद जुलाई में करीब आधा दर्जन मुहूर्त है। दो माह शादियां न होने के कारण होटल, मैरिज हॉल, कैटरिंग, टेंट, सराफा, कपड़ा, बर्तन और इलेक्ट्रानिक्स को मिलाकर करीब सौ करोड़ का कारोबार प्रभावित हो जाएगा।

### अक्ती त्योहार के पहले बाजार से गायब रौनक

#### होटल, मैरिज हॉल सब खाली

वैवाहिक मुहूर्त नहीं होने के कारण इस बार मैरिज हाल और होटल पूरी तरह खाली है। हर साल इस समय जहां शादी-ब्याह के लिए होटल और मैरिज हाल नहीं मिलते थे। वहीं इस बार सभी में सन्नाटा पसरा है। इसी के साथ कैटरिंग, टेंट, धुमाल, बैंड पार्टी वाले भी खाली हैं। टेंट और कैटरिंग के कारोबारियों के मुताबिक होटल, मैरिज हाल, कैटरिंग, टेंट को मिलाकर करोड़ों रूपए का व्यापार प्रभावित हो रहा है।



#### मारी जाएगी 400 करोड़ की कमाई

23 साल बाद ऐसा हो रहा है कि इस बार मई और जून में शादियों का कोई भी मुहूर्त अक्षय तृतीया के बाद नहीं है। दो माह बाद जुलाई में करीब आधा दर्जन मुहूर्त है।

#### बाजार में सन्नाटा

मुहूर्त न होने के कारण बाजार में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। कपड़ा व्यापारियों के मुताबिक यही तो सीजन रहता है। जिसमें मध्यम वर्ग शादियों के लिए जमकर खरीददारी करते हैं। अप्रैल से लेकर जून तक कारोबारियों को सांस लेने की फुर्सत नहीं होती है, लेकिन इस बार बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा है। दो माह में डेढ़ सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार प्रभावित हो जाएगा। इसी तरह से सराफा बाजार, बर्तन दुकानों और इलेक्ट्रानिक्स दुकानों में सन्नाटा है। शादियों की कहीं कोई खरीदारी नहीं हो रही है। इनका भी करीब सौ करोड़ का कारोबार प्रभावित हो जाएगा। यही हाल सराफा बाजर का है। सामान्य तौर पर जो खरीददारी होती है, वह तो चल रही है, लेकिन शादियों के लिए खरीददारी नहीं हो रही है।

इस समय बाजार में भारी सन्नाटा है। कहीं भी शादियों की खरीदारी नहीं हो रही है अन्यथा अक्षय तृतीया के पहले बाजार में भारी भीड़ हो जाती है। इस साल जनवरी से लेकर अप्रैल तक चार माह तक शादियों के थोक में मुहूर्त रहे हैं। इसमें तो कारोबारियों की जमकर कमाई हुई है, लेकिन अब अक्षय तृतीया के बाद मुहूर्त न होने के कारण बाजार में खरीददारी नहीं हो रही है। शादियों से जुड़े हर सेक्टर के कारोबारियों में इस बात को लेकर निराशा है कि इस बार उनकी कमाई मारी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर किया माहौल खराब, दो पर कार्रवाई



**राजनांदगांव।** शराब पीकर गांव में माहौल खराब करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिले में अपराधों की रोकथाम एवं गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। उसी क्रम में थाना घूमका पुलिस द्वारा ग्राम हरडूआ में 4 मई को शराब के नशे मे घूमकर गांव में माहौल खराब कर रहे अनावेदकों नवीन नादरे उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पदगोन्दी , छगन दामायेण उम्र 32 वर्ष निवासी सुन्दर को पुलिस के द्वारा समझाने का प्रयास किया गया। जिसके बावजूद भी अनावेदकों द्वारा पुलिस की उपस्थिति में मारपीट करने में उतारू होकर बेवजह क्षेत्र का माहौल खराब करने वाले उक्त दोनों व्यक्तियों को धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार किया गया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अनावेदक को प्रतिबंधित करने हेतु पृथक से धारा 107, 116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत अनावेदकों के विरुद्ध पृथक-पृथक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

### वाहन से 11 लाख 80 हजार रुपए बरामद



**राजनांदगांव।** शहर के फरहद चौक इलाके में नाकाबंदी के दौरान पुलिस एक वाहन से लगभग 11 लाख 80 हजार रुपए बरामद किया है, जिसकी सूचना आयकर विभाग को दी गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता लागू है जिसके मद्देनजर रविवार को फरहद चौंक में यातायात पुलिस के साथ थाना लालबाग पुलिस की नाकेबंदी लगाई गई थी। वाहन चेकिंग के दौरान तेलंगाना स्टेट पासिंग वाहन दिखे जाने पर पुलिस ने बारीकी से तलाशी ली। जिस पर उक्त वाहन से लगभग 11 लाख 80 हजार रुपए नगद पाया गया जिसके संबंध में दस्तावेज मांगे जाने पर किसी प्रकार का दस्तावेज मौजूद नहीं होना बताया गया। पुलिस ने उक्त नगदी जब्ति की और इसकी सूचना आयकर विभाग राजनांदगांव को दिया गया। पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

### नांदगांव तहसील दफ्तर में मची भर्राशाही

## तारीख पर तारीख : राजस्व प्रकरणों का निराकरण नहीं, हर काम के रेट फिक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भी तहसील कार्यालय में चल रही दुकानदारी पर लगाम नहीं कसी जा सकी है। हालात यह है कि यहां हर सरकारी काम के लिए फरियादियों से वसूली की जा रही है। उसके बावजूद भी कोई काम नहीं हो रहा है। तारीख पर तारीख देकर मामले में अटकाने का खेल भी शुरू हो गया है। यही नहीं राजस्व महकमे के अफसर और कर्मियों के भी दफ्तर में आने का कोई समय निर्धारित नहीं रह गया है। जिससे लोगों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। इस मामले की शिकायत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से किए जाने की भी जानकारी मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव स्थित तहसील कार्यालय में पिछले कुछ माह से दलाली प्रथा हावी हो गई है। हर काम के लिए बकायदा कथित एजेंटो द्वारा किसानों से वसूली की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि डायवर्सन के प्रकरणों में तीन हजार रुपए वसूले जा रहे हैं। वहीं बंटाकन में 40 हजार रुपए तक की मांग की जा रही है। नामांतरण के प्रकरणों में कथित दलालों द्वारा पांच-पांच हजार रुपए तक वसूल किए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि त्रुटि सुधार के प्रकरणों को बेवजह अटकाया जा रहा है। पिछले छह माह में यदि आंकड़ों की बात कहीं जाए तो एक भी त्रुटि सुधार के प्रकरण में आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इस मामले में राजस्व महकमे की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।



#### पेशी के दिन अफसर गायब

लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के निपटने के बाद भी राजस्व महकमे के अफसर समय पर कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। राजस्व प्रकरणों के निपटारे के लिए जिस दिन पेशी दी जा रही है, उस दिन अफसर ही कार्यालय पर नहीं रहते। भीषण गर्मी में लोगों को अफसरों के आने का घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है।

#### 13 साल से पदस्थ बाबू

तहसील कार्यालय में एक बाबू के 13 साल से पदस्थ होने को लेकर भी शिकायतें सामने आ रही है। बताया जाता है कि उक्त बाबू की सर्वाधिक शिकायतें होने के बाद भी प्रशासन द्वारा उसका तबादला नहीं किया जा रहा है। अफसरों द्वारा इस बाबू के जरिये ही पूरा काम कराया जा रहा है।

#### करेंगे कार्रवाई

तहसील कार्यालय में यदि इस तरह की शिकायतें सामने आ रही है तो निश्चित तौर पर इसकी जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। - **अतुल विश्वकर्मा**, एसडीएम

#### परिवर्तित शाखा से दूरी

जमीन के डायवर्सन के लिए नियम के तहत कलेक्टोरेट स्थित परिवर्तित शाखा में प्रकरण भेजा जाता है। यहां अधीक्षक द्वारा बी प्रपत्र जारी करने के बाद ही डायवर्सन होता है, लेकिन तहसील कार्यालय द्वारा इन प्रकरणों को अब बी प्रपत्र के बगैर ही आरआई की रिपोर्ट के आधार पर ओके किया जा रहा है। बताया जाता है कि एक भाजपा नेता के करीबी द्वारा यहां डायवर्सन के नाम पर हर केस में रकम ली जा रही है।

## अक्ती पर होगा गुड्डे गुड़िया का विवाह



**राजनांदगांव।** अक्षय तृतीया पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है। इस मौके पर जहां कई पारंपरिक कार्य किए जायेंगे वही घर-घर में गुडडा गुड़िया का विवाह रचाया जायेगा। अक्ति को महामुहूर्त मानते हुए इस अवसर पर कई वैवाहिक कार्यक्रम भी आयोजित करेंगे। बाजार में 50 से लेकर 150 रूपये तक के गुड्डा गुड़िया उपलब्ध है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाता है, इस दिन के मुहूर्त को अबूझ मुहुर्त माना गया है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाये जाने वाले इस पर्व के लिए बडी संख्या में लोग पारंपरिक रस्म रिवाज भी करते है। 10 मई को मनाये जाने वाले इस पर्व को लेकर अंचल के सप्ताहिक एवं नियमित बाजार में मिट्टी के गुड्डा गुड़िया बिक्री के लिए पहुंचने लगे है। शहर के गोल बाजार सहित अन्य स्थानों पर मिट्टी के बने गुडा गुडिया की दुकानें सजी हुई है। वही इनके विवाह के लिए भी सामग्रियां सजी हुई है। जिसकी मांग भी लोगों के बीच बनने लगी है। बताया गया कि 50 से लेकर 150 रूपये तक जोड़ी गुड्डा गुड़िया की कीमत है।

#### घर-घर रचाएंगे विवाह

पंडितों के अनुसार अंचल के शहर सहित ग्रामीण इलाको में पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर घर-घर में बच्चे अपने परिजनों के साथ मिल कर गुड्डा गुड़िया का विवाह रचाते है।

#### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर होंगे कार्यक्रम

इधर बडी संख्या में लोग अक्ती को महामुहूर्त मानते हुए इस दिन ही वैवाहिक आयोजन करना पसंद करते है। लिहाजा कई लोगों ने अपने घर परिवार में अक्ति को वैवाहिक आयोजन करने की तैयारियां भी शुरू कर दी है। वही भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भी कई आयोजन किए जाने की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## तापमान 43 डिग्री: दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा, शाम तक चलती रही गर्म हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तापमान के 43 डिग्री पर पहुंचने से लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। तीखी धूप और लू भरी हवाओं के कारण रविवार की दोपहर शहर की सड़कों पर जहां सन्नाटा पसरा रहा वहीं शाम छह बजे तक लू भरी हवाओं के चलने के कारण लोग बेचैन भी रहे। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन चार दिनों में तापमान के एक दो डिग्री कम होने की संभावना है।

भीषण गर्मी की मार से लोग बेहाल हो रहे हैं। रविवार को भरी दुपहरिया में सिटी की सड़कें धधकती रही। सड़कों पर पसरा सन्नाटा इस बात का गवाह था कि गर्मी अपने चरम सीमा पर है। चिलचिलाती धूप ने हर किसी को बेहाल कर रखा है। ज्यादातर लोग घर से बाहर निकलने से परहेज करते रहे और जो निकल भी रहे थे, उनकी इस कड़ी धूप में हालत पस्त हो जा रही है। मई माह के शुरुआती दौर में ही तापमान के 43 डिग्री तक पहुंचने से यह माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में लोगो को और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। इधर मौसम विभाग के एक्सपर्ट की माने तो अगले हफ्ते तापमान और बढ़ेगा।



#### बारिश के आसार

मौसम विभाग की माने तो मराठवाड़ा से आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण तमिलनाडु क्षेत्र में एक चक्रवात बना हुआ है। जिसके चलते कल छह मई को प्रदेश के कुछ स्थानों पर तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गयी है। मौसम विभाग का कहना है कि बारिश के कारण तापमान में एक से दो डिग्री तक गिरावट दर्ज की जा सकती है।

## मोतीपुर में धर्मांतरण को लेकर मचा हंगामा

- आप पार्टी की नेत्री के घर धर्मांतरण का आरोप, दोनों पक्ष पहुंचे पुलिस थाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव शहर में इन दोनों धर्मांतरण का मामला लगातार सामने आ रहा है। बीते सप्ताह शहर के रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी में चंगाई सभा आयोजित कर धर्मांतरण कराए जाने का मामला थाने पहुंचा था, वहीं अब शहर के मोतीपुर क्षेत्र में धर्मांतरण मामले को लेकर आज विवाद हो गया जिसमें दोनों ही पक्ष थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

बीते रविवार को बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंगाई सभा आयोजित कर धर्मांतरण कराए जाने का मामला थाने पहुंचा था, तो वहीं आज शहर के मोतीपुर क्षेत्र में प्रार्थना सभा आयोजित करते हुए धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आने पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के मौके पर पहुंचने से विवाद हो गया। शहर के मोतीपुर में निवासरत आम आदमी पार्टी की नेत्री चंद्रमणि वर्मा द्वारा अपने निवास पर प्रार्थना सभा आयोजित कर धर्मांतरण कराए जाने की जानकारी विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मिली थी। यह कार्यकर्ता जब उनके निवास स्थान पहुंचे तो वहां कुछ लोग प्रार्थना सभा में शामिल थे। जहां से लोगों को हटाए जाने पर विवाद हो गया और मामला चिखली पुलिस चौकी तक पहुंच गया। इस मामले को लेकर चंद्रमणि वर्मा ने कहा कि वह लगभग 20 वर्ष से प्रभु यीशु मसीह पर अपनी आस्था रखती है और अपने घर में प्रार्थना सभा आयोजित करती है। उन्होंने कहा कि आज भी जब प्रार्थना सभा चल रहा था तब घर में कुछ हिंदू संगठन के लोग आए और धक्का-मुक्की कर गाली-गलौज करने लगे। चंद्रमणि वर्मा ने कहा कि इस प्रार्थना सभा में 8-10 लोग शामिल थे।




#### प्रलोभन देकर धर्मांतरण: सेन

हिंदू संगठनों के द्वारा मौके पर पहुंचने से विवाद की स्थिति निर्मित होने पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के लोग भी चिखली पुलिस चौकी पहुंचे और लोगों को रुपए, उपचार और अन्य लालच देकर धर्मांतरण कराए जाने का आरोप लगाया है। वहीं चंगाई सभा के जरिए धर्मांतरण कराए जाने से धार्मिक माहौल बिगड़ने के प्रति चिंता जाहिर करते हुए इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बजरंग दल के जिला संयोजक सुनील सेन ने कहा है कि ईसाई समुदाय के द्वारा हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है।

#### बिगड़ रहा शहर का माहौल

राजनांदगांव शहर के मोतीपुर, रामनगर, शंकरपुर, लखोली, ढाबा सहित कई क्षेत्रों में रविवार को ईसाई धर्म को मानने वाले लोगों के द्वारा प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि इन प्रार्थना सभाओं के जरिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को प्रलोभन देकर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया जा रहा है, जिससे राजनांदगांव शहर का धार्मिक वातावरण बिगड़ रहा है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से धर्मांतरण के दृष्टिकोण से आयोजित होने वाली ऐसी सभाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

### शहर के छह स्कूलों में नीट की परीक्षा आयोजित

## परीक्षा में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश मेडिकल परीक्षा नीट की परीक्षा दिलाने विद्यार्थियों में उत्साह रहा। शहर के छह स्कूलों में परीक्षा सेन्टर बनाये गए थे। भीषण गर्मी के बीच विद्यार्थी परीक्षा सेंटरों में सुबह 11 बजे से पहुंचने लगे थे। शाम पांच बजे परीक्षा का समापन हुआ।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश मेडिकल परीक्षा नीट के लिए शहर में छह परीक्षा केन्द्र युगांतर पब्लिक स्कूल, वाइडनर स्कूल, वेसलियन स्कूल, एनबीआईएस बोरी स्कूल, डीपीएस, एनपीएस को सेन्टर बनाया गया था। नीट की परीक्षा दिलाने के लिए विद्यार्थियों में उत्साह का वातावरण रहा। कई विद्यार्थी अपने परिजनों के साथ परीक्षा सेन्टर सुबह 11 बजे से पहुंचने लगे थे। औपचारिकताओं को पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थी परीक्षा हाल में पहुंचे। बताया गया कि दोपहर 2 से पांच बजे तक परीक्षा संचालित की गई, परीक्षा हेतु जिले से 1919 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। जिसमें 66 छात्र अनुपस्थित रहे। शाम के समय बड़ी संख्या में परीक्षा सेंटरों में विद्यार्थियों के परिजन बच्चों को लेने पहुंचे हुए थे। परीक्षा देकर सेंटर से बाहर निकले विद्यार्थियों के चेहरों में रौनक बनी रही।



#### 66 विद्यार्थी अनुपस्थित

औपचारिकताओं को पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थी परीक्षा हाल में पहुंचे। बताया गया कि दोपहर 2 से पांच बजे तक परीक्षा संचालित की गई, परीक्षा हेतु जिले से 1919 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। जिसमें 66 छात्र अनुपस्थित रहे। शाम के समय बड़ी संख्या में परीक्षा सेंटरों में विद्यार्थियों के परिजन बच्चों को लेने पहुंचे हुए थे। परीक्षा देकर सेंटर से बाहर निकले विद्यार्थियों के चेहरों में रौनक बनी रही। परीक्षा सेंटरों के पास सुबह एवं शाम के समय बच्चों के परिजनों की उपस्थिति रही।

#### कई चीजों पर रहा प्रतिबंध

परीक्षार्थियों को एग्जाम में वॉलेट, पेन, पेंसिल, रबड़, स्केल, राइटिंग पेड़, हाथ घड़ी, प्लास्टिक आइडेंटिटी कार्ड, केलकुलेटर, रिंग, ईयररिंग, नोजपिन, चेन, नेकलेस, हैंडबैग, मोबाइल, ईयरफोन, डिजिटल डिवाइस, खाने की कोई भी चीज ले जाना मना था। उन्हें सिर्फ 1 पासपोर्ट व 1 पोस्टकार्ड फोटो, नीट यूजी एडमिट कार्ड, पासपोर्ट आकार की एक रंगीन फोटो, एडमिट कार्ड के साथ डाउनलोड किए गए प्रोफॉर्मा पर रंगीन फोटो चिपकाकर और पहचान के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेनकार्ड जैसा कोई एक सरकारी दस्तावेज लेकर जाना था।


आवश्यक सूचना

हरिभूमि

डबल धमाका ऑफर योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय राजनांदगांव में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

➡ उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति) साथ में लावें।

➡ उपहार प्राप्त करने का समय दोप 12 बजे से 2 बजे तक एवं शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक।

स्थान

हरिभूमि जिला कार्यालय

दुर्गा चौक, राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी

राजनांदगांव का एकमात्र

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

कैंसर चिकित्सा विभाग

उपलब्ध सुविधाएं

- ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
- कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
- फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
- प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
- आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज

साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच

ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा

आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध

➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ

➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### तेंदूपत्ता की तोड़ाई जारी

**सड़क अतरिया।** वन विभाग के दिशा निर्देश पर हरा सोना की तोड़ाई का काम शुरु हो चुका है। क्षेत्र के गंड़ई, पैलीमेटा एवं ठाकुर टोला समिति के अंतर्गत आने वाले वनांचल गांव के लोग तेंदूपत्ता तोड़ाई करने में जुटे हुए है। बीते माह खराब मौसम के बावजूद बेहतर पत्ता मिलने से ठेकेदार भी संतोष जता रहे हैं। बढ़ते तापमान को देखते हुए वनवासी सुबह तोड़ाई काम कर धूप होने से पहले अपने घर लौट आते हैं।
सुपरवाइजर मैनेजर पत्ता संग्रहण करने स्थल का चुनाव कर पत्ता को सुखाया जा रहा है। इस बार तेंदूपत्ता तोड़ाई के लिए 5500 रुपए प्रति मानक बोरा मिलने की घोषणा के बाद वनवासी उत्साहित होकर पत्ता तोड़ाई में लगे हैं।

### बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**सड़क अतरिया।** मई के महिने में सूर्य का तापमान तेज हो गया है जिससे सुबह से गर्म हवाएं चलने लगती है। लोग सुबह और शाम अपना काम कर दोपहर घर पर रहना पसंद कर रहे हैं। वहीं बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण हलाकान हो रहे हैं। दिन में कई बार बिजली का आना जाना लगा रहता है। कभी- कभी तो घंटा भर के लिए बिजली की सप्लाई बंद कर दिया जाता है। जानकारी चाहने पर मेंटनेंस का हवाला दिया जाता है। ग्रामीणों ने निर्बाध बिजली सप्लाई की मांग की है।

### शिविर में 65 लोगों ने किया रक्तदान



**सोमनी।** ग्राम में 5 मई को सतनाम भवन मिनीमाता चौक में क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ ने सतनाम ब्लड फाउंडेशन राजनांदगांव के मार्गदर्शन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान करने के लिए लोगों में जागरूकता लोने और जरूरतमंद मरीज को रक्त मुहैया कराने के लिए सोमनी क्षेत्र के युवाओं ने टीम गठित कर अभियान चलाया था। शिविर में 65 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में एक महिला ने भी आगे आकर रक्तदान किया। इस शिविर में क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ के वालिंटियर अभिषेक पाटिला, नीतेश अग्रवाल, कृष्णराज देशलहरा, कुमार साहू, भूपेन्द्र जांगड़े, उमा देशलहरे, मधु यादव, सचिन यादव आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पशुओं को बचाने का बच्चों ने उठाया बीड़ा



**चिचोला।** पशुओं की जान बचाने और उनकी वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रिंस अग्रवाल ने एक सार्थक पहल की शुरूवात की है। उल्लेखनीय है कि सड़कों पर मवेशियों का अक्सर जमघट लगा रहता है। रात को सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते और हादसा हो जाता है। इस तर की घटनाओं को रोकने के लिए प्रिंस अग्रवाल और उनकी टीम जानवरों के गले में रेडियम लगा रहे हैं। यह लोग जीई रोड में जहां भी मवेशी नजर आते है उनके गले मे रेडियम लगाकर सुरक्षित कर रहे हैं। बच्चों की इस सोच और पहल को देखकर सरपंच अतीश सिन्हा, कांग्रेस नेता अमित अग्रवाल का कहना है कि गौ रक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

# एक गांव ऐसा जहां गर्मी में धरती उगलती है पानी ही पानी

दामोदर वैष्णव ⏭ सड़क अतरिया

गर्मी के दिनों में जल संकट उत्पन्न होना आम बात है। पेय एवं निस्तारी जल को लेकर कहीं कम समस्या, तो कही अधिक रहती है लेकिन भीषण गर्मी के बीच कही जल संकट बिल्कुल भी न हो, कहा जाए तो लोगों को आश्चर्य होता है। छुईखदान ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा नवापारा का खैरा एक ऐसा गांव है जहां जल संकट कभी दिखने नहीं मिला है। यहां का भू जल स्तर हमेशा अच्छा बना रहता है। मई जून की गर्मी में भी यहां हैड़ पम्प में दो हैंड़ल चलाते ही जल धारा बहने लगती है। यहां के ग्रामीण बताते हैं कि 50 साल पहले या वर्तमान में जल स्तर यथावत बना हुआ है। पानी के लिए बोर की खुदाई करने करने पर लगभग 60 फीट में लबालब पानी निकलने लगता है। 80 फीट की गहराई में इतना जल होता है कि 5 एचपी का बोर बेहतर तरीके से चलने लगता है।



## सौ फीट से अधिक किसी भी बोर की गहराई नहीं



### बरसात में स्वतः निकलता है जल

यहां का जल स्तर इतना अच्छा है कि बरसात के दिनों में हैंड पम्प से स्वतः जल की धारा बहने लगती है। यहां का जल स्तर काफी ऊपर होने से बारीश होने पर यहां जल का स्तर और बढ़ जाता है जिससे बोरिंग से पानी ऊपर आकर बहने लगता है। बताया जाता है कि कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले सभी बोर सौ फीट से कम गहराई के है जिसमें पर्याप्त जल बारहों महीने मिलता है।



### छह सौ के लिए सात हैंडपंप

जानकारी के अनुसार गांव की आबादी करीब 6 सौ है। यहां 7 हैंडपंप है। सभी से पर्याप्त पानी निकलता है। यहां नल जल योजना संचालित है। अभी यहां पानी टंकी नहीं बनी है। बोर से सीधे लोगों के घर तक जल पहुंचता है। यहां के करीब 25 ग्रामीणों ने अपने घर पर बोर कराया है। सभी की स्थिति बेहतर है। बताया जाता है कि गांव के अंदर कहीं पर भी बोर खुदाई अब तक व्यर्थ नहीं गया है। सभी जगह पर्याप्त जल निकलता है।

### एक तरफ पानी तो दूसरी ओर संकट

खैरा और चकनार इन दो गांव को नर्मदा नाला अलग करती है। नाला के एक ओर खैरा में भीषण गर्मी में भी जल स्तर ऊपर बना रहता है। पेयजल और निस्तारी के लिए ग्रामीणों को जद्दोजहद नहीं करना पड़ता है। वही नाला के दूसरी ओर चकनार है जहां पेय एवं निस्तारी जल की समस्या गंभीर बनी रहती है। यहां सौर ऊर्जा चलित पम्प है जिसके पानी को तालाब में भरा जाता है। पूरे साल भर पम्प का पानी तालाब को भरकर रखता है जिससे यहां निस्तारी की कोई समस्या नहीं रहती है। यहां पांच साल पहले से नल जल योजना संचालित है। योजना से लगभग सभी घरों में पर्याप्त जल पहुंचता है। जल स्तर बेहतर होने से यहां आवश्यकता पड़ने पर दिन भर सभी घर के नलों में पानी सप्लाई आसानी से हो जाती है।

## डुमरटोला स्कूल के रिकार्ड 23 बच्चे चयनित

# राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा में 229 विद्यार्थी कामयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला


राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा आयोजित बहु प्रतिष्ठित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण छात्रवृत्ति परीक्षा में मोहला विकासखंड के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। विकासखंड की 53 पूर्व माध्यमिक शालाओं के 171 विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। वही जिला के कुल 229 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। पूर्व माध्यमिक शाला डुमरटोला से सर्वाधिक 23 बच्चे चयनित हुए हैं।

जानकारी के अनुसार इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह 1000 रूपए की छात्रवृत्ति कक्षा 9वी से 12वीं तक प्राप्त होती है। कक्षा 8 में अध्ययनरत शासकीय स्कूल के बच्चे इस परीक्षा में शामिल होते हैं। यह परीक्षा एनसीईआरटी निर्देशन में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से आयोजित किया जाता है। ज्ञात हो कि पूर्व सत्र में भी मोहला विकासखंड से 207 विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे।

## बच्चों को हर महिने मिलेगा एक हजार

### समवेत प्रयास का परिणाम

मोहला विकासखंड की इस सफलता पर कलेक्टर एस. जयवर्धन, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे ने मोहला की टीम को बधाई दी है। इस उपलब्धि में खोमलाल वर्मा, नूतन साहू, दिनेश सिंह, राकेश देवांगन, जीवन नायक, राजकुमार यादव, मार्टिन मसीह, जितेंद्र पटेल, मलेश मालेकर व ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयकों, प्रधान पाठकों तथा शिक्षको का विशेष योगदान रहा है।



### शिखर कोचिंग से विद्यार्थियों को लाभ

विकासखंड के अधिकारियों एवं शिक्षकों के प्रयास से जिला खनिज न्यास के सहयोग से शिखर कोचिंग चलाया जा रहा है। यहां बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। समय-समय पर टेस्ट आयोजित किए जाते हैं। पढ़ने के लिए पाठ्य सामग्री निशुल्क प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम के कारण सभी स्कूल स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में मोहला विकासखंड अव्वल रहा है।



### सुखरी स्कूल के परिणाम बेहतर

**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम सुखरी में संचालित प्राथमिक शाला में परीक्षा के बाद गत दिनों परिणाम घोषित किया गया। परिणाम मिलते ही बच्चों और पालकों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं परीक्षा में अपेक्षा से अधिक अंक हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार कक्षा 5वीं में दिव्यांशु शर्मा, वर्षा धनकर, चित्ररेखा निषाद, हर्षिका निषाद, गरिमा साहू, मौली साहू, आदित्य पुरी ने ए प्लस, पंकज निषाद, सिमरन निषाद, घृतकुमारी, देवकी ठाकुर ए ग्रेड, कक्षा 4थी में शौर्य साहू, तिलक ठाकुर, डाली साहू, पुष्पवाहिनी साहू, एकलव्य साहू ए प्लस, संध्या साहू, पूरब, भूपेन्द्र, कुमकुम ए ग्रेड, कक्षा 3 में खुशी शिवानी, नव्या साहू, हिमेश ए प्लस, खुशिका, आर्यन, योगिता ए ग्रेड, कक्षा 2 में देवहुति, अन्नू धनकर, जिज्ञासा साहू, परम, दीपक निषाद ए प्लस, धर्मिन, हंसिका ए ग्रेड, कक्षा पहली में लक्ष्य साहू, काव्या, योगिता, तनुजा साहू जैस्मीन ए प्लस और प्रशांत, प्रियांश, हिमाशुक, होम निषाद ने ए ग्रेड के साथ सफलता हासिल किया। प्रधानपाठक सपना भारतद्वाज, शिक्षिका सरस्वती साहू, गिरजा साहू आदि ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

## लोगों की प्यास बुझाने प्रेस क्लब की अनुकरणीय पहल



**गंडई पंडरिया।** प्रेस क्लब गंडई द्वारा बीते 1 माह से अधिक समय से प्याऊ घर का संचालन किया जा रहा है। यहां हर दिन सैकड़ों लोग अपनी प्यास बुझा रहे है। क्लब ने बस स्टैंड के पास प्याऊघर खोला है। मिट्टी के घडों का ठंडा पानी लोगों को मुहैया कराया जा रहा है। प्याऊ घर के संचालन के लिए क्लब ने बकायदा वर्कर रखा है। हर वर्ष तापमान में वृद्धि हो रही है ऐसे में डॉक्टर्स लोगों को पानी पीने की सलाह देते है। देखा गया है कि बोतल बंद या फ्रीज का पानी मंहगा होने के साथ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। चिलचिलाती गर्मी के बीच मटके का ठंडा पानी लोगों को मिल जाए तो आदमी तृप्त हो जाता है। हर वर्ष गंडई में 2 से 3 जगहों पर खोला जाता था किन्तु इस वर्ष मात्रा एक प्याऊ घर खोला गया है। याऊ घर खोला जाता रहा है परंतु इस वर्ष केवल प्रेस क्लब गंडई के द्वारा ही प्याऊ घर खोला गया है हालांकि एक-दो जगहों पर नागरिकों ने फ्रीजर एवं मटकी रखवाया है।

## साजा क्षेत्र में कोमल जंघेल ने गिनाई भाजपा की उपलब्धियां



**सड़क अतरिया।** राज्य में तीसरा और अंतिम चरण का मतदान आगामी 7 मई को होना है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने संगठन के निर्देश पर जांजगीर के बाद रविवार को दुर्ग लोकसभा के साजा विधानसभा के विभिन्न गांव में पहुंच कर नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क के माध्यम से प्रचार किया। श्री जंघेल ने रविवार को ग्राम भटगांव में जन संपर्क किया। सनपुरी, भरदा लोधी सहित अन्य गांव नुक्कड़ सभा तथा भटगांव, कमकावाडा, बुडेरा, कुटरु, सोनपुरी, सिंघनपुरी, बरगांव, तिरयाभाट, देकर गांव, मुंगलटोला, कोहकाबोड, बुधवारा, बासीन, सोनपांडर आदि गांव में जनसंपर्क किया। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए भाजपा की नीति रीति एवं विचारों से ग्रामीणों को अवगत कराया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य गोवेन्द पटेल, छुईखदान मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, नारद वर्मा, गौतम वर्मा, हीरालाल साहू, संतोष वर्मा, रामराज वर्मा, ओमकार वर्मा, जीवनलाल चंदेल, साधु वर्मा, प्रकाश जंघेल, राजेंद्र शिवहरे, रोशन जंघेल, लेखराम शिवहरे, बिरेंद्र जंघेल, अंगद पटेल, बेदराम, हिमांशु राजपूत, सोनू वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## आवेदन 10 तक

**डोंगरगांव।** आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में सत्र 2024- 25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है। शिक्षा विभाग द्वारा एडमिशन प्रक्रिया की तिथियों में संशोधन किया गया है। इसी परिपेक्ष में प्रवेश के लिए आवेदन करने की तिथि को 10 मई तक बढ़ा दिया गया है। आगामी 12 मई को पात्र- अपात्र की सूची नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी जाएगी। आवेदक या पालक 12 से 14 मई तक दावा आपत्ति कर सकते है जिसके उपरांत 15 मई को लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन विभिन्न कक्षाओं की रिक्त सीटों के लिए किया जाएगा। आगामी 16 मई को चयनित बच्चों की लिस्ट और वेटिंग लिस्ट चस्पा कर दी जाएगी। चयनित बच्चों के एडमिशन की अन्य प्रक्रिया 16 से 20 मई तक की जाएगी । यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य जयंत साहू ने दी।

## अक्ती 10 को, होगा गुड्डे गुड़िया का ब्याह



**गंडई पंडरिया।** आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया है। इस दिन बच्चे गुड्डा गुड़िया का ब्याह रचाएंगे। पर्व को लेकर कुंभकारों ने मिट्टी के गुड्डे गुड़िया बनाकर बेचना आरंभ कर दिया है। नगर के साप्ताहिक बाजार में गुड्डे गुड़िया की जमकर बिक्री हुई। अक्षय तृतीया पर कुछ सालों से पंडरिया सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामों के बच्चे नवाचार कर रहे है, और अक्ति में गुड्डे गुड़ियों की सच्ची शादियों जैसे माहौल निर्मित कर रहे है। बकायदा आम के पत्तों का मंडप बनाया जाता है। हस्त कार्ड बनाकर आस पास के घरों में निमंत्रण भेजा जाता है। शाम को धुमाल, गढ़वा बाजा के साथ बारात निकाली जाती है। शादी की हर रस्म के साथ रात्रि में भोज का आयोजन होता है।

## गांव में निकली जागरुकता रैली

# बाल विवाह को रोकने अंतर्विभागीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार गत दिवस बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए विकासखंड मानपुर में बाल विवाह सामाजिक अभिशाप रोकथाम अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यशाला में सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, बिहान की महिलाएं शामिल हुई। कार्यशाला में बाल विवाह सामाजिक अभिशाप, दंड के प्रावधान की जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित समस्त सदस्यों ने शपथ लिया कि हम बाल विवाह नहीं होने देंगे और लोगों को बाल विवाह नहीं करने के लिए जागरूक करेंगे। कार्यशाला के बाद मानपुर में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बाल विवाह रोकथाम के नारे लगाते हुए बाल विवाह सामाजिक अभिशाप का संदेश देते हुए रैली का आयोजन किया गया। कार्यशाला में परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एके कौर, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास अर्चना दुर्गम, एनआरएलएम के बीपीएम रामकुमार विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# मापदंड के अनुरूप करें निर्माण कार्य : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज सुबह शहर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण के तहत रेवाडीह व जीई रोड में चल रहे विकास कार्य का जायजा लेकर मापदंड के अनुरूप निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेवाडीह में स्वावलंबन की दुकानों का अनुबंध व किराया जमा करने दुकानदारों को समझाईश दी।

आयुक्त गुप्ता रेवाडीह में निर्माणाधीन मुक्तिधाम का निरीक्षण कर श्रद्धांजलि हॉल, नाली, सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति पर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने, तराई कराने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके को निर्देशित किया। स्कान विहार कालोनी में विधायक निधि से स्वीकृत दो मंच निर्माण के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा, ताकि मंच निर्माण होने से लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने डामरीकरण रोड निर्माण का जायजा लिया और आशा नगर के एप्रोज रोड सीमेंटीकरण कार्य को जल्द पूर्ण कराने को कहा।

### दुकानों का अनुबंध कराने की समझाईश

आयुक्त गुप्ता रेवाडीह में स्कूल के पास व उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में जाकर दुकानदारों से चर्चा कर दुकानों का अनुबंध कराने तथा किराया जमा करने समझाईस देते कहा कि अनुबंध के अभाव में दुकान निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने दुकानों के संबंध में उपायुक्त मोबिन अली से कहा कि निगम स्वामित्व एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत निगम सीमांतर्गत निर्मित दुकानों में जिन दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ है, उनका अनुबंध कराएं तथा किराया जमा कराएं। इसके अलावा जिन दुकानदारों का लंबे समय से दुकान किराया बाकी है, उन्हें नोटिस जारी कर किराया वसूली करे।

### स्वच्छता दीदीयों की सराहना

रेवाडीह एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर सेंटर के स्वच्छता दीदीयों द्वारा अच्छे कार्य एवं साफ-सुथरा संचालन के लिए सराहना करते प्रभारी से कहा कि गीला व सूखा कचरा घर में ही पृथकीकरण कराएं व शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होंने एसबीएम प्रभारी श्री रामटेके से कहा कि रेवाडीह के आसपास के क्षेत्रों से कचरा इसी सेंटर में मंगावे और कचरा विनिष्टीकरण कर खाद बनाएं। खाद के विक्रय के लिए किसानों से सम्पर्क करे। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अशोक देवांगन, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

## बीमारी का बहाना बनाकर आरोपी अस्पतालों में भर्ती

# ये कैसा न्याय, अस्पतालों में रसूखदार और जेल में गरीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सत्ता सरकार और पैसों के रुआब के चलते आपराधिक मामलों में न्यायिक रिमांड की सजा पाने वाले ज्यादातर आरोपी बीमारी का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो रहे है। बीते पांच छै महीनों से यह देखा जा रहा है कि अलग-अलग मामलों में कोर्ट से न्यायिक रिमांड में जेल भेजे गये आरोपी जेल प्रशासन और अस्पताल में पदस्थ कतिपय डॉक्टरों से सांठ गांठ कर अस्पताल में गंभीर बीमारी का बहाना कर भर्ती हो जा रहे है जिसके चलते कोर्ट का आदेश फलीभूत नहीं हो पाता।

कोर्ट में जेल जाने के आदेश से पहले भरे पूरे तरह से भले चंगे आरोपी अचानक बुरी तरह से बीमार हो जाते है और उन्हें बीमार साबित करने में डॉक्टरो का विशेष योगदान रहता है।

बीते कुछ दिनों में यह बहुतायत में हो रहा है। कर्ज प्रकरण, चोरी का सामान खरीदने, हिट एंड रन केस, सट्टा प्रकरण के आरोपी कोर्ट के आदेश पर न्यायिक रिमांड में भेजे जाने पर जेल की जगह अस्पताल मे भरती हो रहे है। सत्ता सरकार और मां लक्ष्मी की मेहरबानी के चलते बीते पांच छै महीनों से ऐसे मामलों की बाढ़ आ गई है जिसमें कोर्ट में पेश होने से पहले सामान्य बीमारी से ग्रसित आरोपी अचानक मिनटों में गंभीर बीमारी से पीड़ित हो जाता है और उसका अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती होना जरूरी बन जाता है। इस स्थिति मे अस्पताल के कतिपय डॉक्टरों की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे मामलों से न्याय पालिका के आदेश का जहां सत्ता सरकार और लक्ष्मी की कृपापात्र लोग खुलेआम मखौल उड़ा रहे है। जेल जाने से बचने आरोपियों द्वारा नया सिस्टम चालू करने की इस प्रथा पर विराम लगाने समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो हर दूसरे तीसरे मामले में आरोपी अपने अपराध के लिये न्यायिक रिमांड की अवधि काल कोठरी में काटने की जगह अस्पताल में फर्जी बीमारी का बहाना बनाकर कूलर की ठंडी हवा में आराम करेंगे।

### पैसों की खनक के चलते मिलती है सहूलियत

नए जिले में बीते पांच छै महीनों का रिकार्ड देखे तो पता चलता है कि धनिक आरोपी बीमारी का बहाना बनाकर अस्पताल में कूलर की ठंडी हवा खाते परिजनों के साथ गप्पे लड़ाते घर का पकवान खा रहा है और उसी प्रकरण का एक अन्य गरीब आरोपी पैसों की खनखनाहट के अभाव में सलोनी उपजेल में कई दिन और रात सूखी रोटी के साथ काट रहा है। पता चला है कि आरोपी को जेल जाने से बचाने आरोपी के परिजन डॉक्टर से सलाह लेते है और पैसे की खनक के सामने डॉक्टर भी डेमिन 10 एमजी जैसी ऐसी दवा बताता है जिसको पुलिस साथ डॉक्टरी मुलाहिजा के दौरान आरोपी मुंह में दबा लेता है जिससे दस मिनट बाद शरीर पसीना छोड़ने लगता है और ब्लड प्रेशर कम हो जाता है बस इसी दवा के सहारे प्राथमिक तौर पर जताया जाता है कि आरोपी का स्वास्थ्य खराब है और उसे तत्काल इलाज की जरूरत है। ऐसे मामलों में चाहकर भी पुलिस और न्याय पालिका कुछ नही कर सकती क्योकि पुलिस का काम आरोपी को हिरासत मे लेना, कोर्ट मे पेश करना और जेल में आमद दिलाने तक है जबकि कोर्ट मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के पक्ष विपक्ष मे निर्णय लेती है।

# क्रीड़ा भारती ने किया हनुमान दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



- कुल 560 धावक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्रीड़ा भारती जिला राजनांदगांव द्वारा अपने स्थापना दिवस के अवसर पर हनुमान दौड प्रतियोगिता गया आयोजन किया जिसमें पुरुष एवं महिला वर्गों में कुल मिलाकर 560 धावकों ने भाग लिया। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर आशुतोष कुमार, द्वितीय ईश्वर सिन्हा, तृतीय रामनारायण रहे। वही महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर कु. भगवती, द्वितीय प्रियंका साहू, तृतीय रुक्मणी साहू रही।

सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी, मेडल, एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10,000 रूपए, द्वितीय 7000 रूपए, तृतीय 5,000 रुपए दिया गया। क्रीडा भारती द्वारा कार्यक्रम कराने का मुख्य उद्देश्य खेलों का प्रचार प्रसार एवं स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष संजय शर्मा, आरएसएस के विभाग प्रचारक तुलसी दास मानिकपुरी, प्रांत मंत्री सुमित आध्याय, हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, राष्ट्रीय वेटलिफटिंग खिलाडी एकता बंजारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाडीटेक जिम द्वारा वार्म अप एवं जुम्बा कराया गया एवं योग प्रदर्शन दीक्षा ताम्रकार द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष धीरज कन्नौजे, शिवम् यादव, प्रिंस भाटिया, रजत खुटेल, दुर्गेश यादव, शुमम देवोगन, प्रज्जवल गुप्ता, आशीष भिन्टा, तामेश्वर बंजारे, जनकीशरण कुशवाहा उपस्थित रहे। यह जानकारी क्रीड़ा भारती के मीडिया प्रभारी शुभम देवांगन ने दी।

# छात्रों में निराशा एवं तनाव को दूर करने कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षाओं के परिणाम आने के पहले अभिभावकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की समझाईश देने वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला से जुड़े रहे। कार्यशाला में परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने हेतु उन्हें आगे बढ़ने अभिप्रेरित करने की दक्षता का विकास, परीक्षा परिणाम से तनाव के कारण डिप्रेशन से उत्पन्न लक्षणों को पहचानने के संबंध में जानकारी दी गई। शिक्षकों एवं पालकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की समझाईश दी गई। बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी है और सभी परीक्षा परिणामों का इंतजार है। किसी भी परिणाम में कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप होंगे। कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम अपेक्षा से कम होंगे। कुछ लोगों के निराशाजनक होंगे तथा कुछ जो अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं होंगे वे निराश होंगे। जिससे तनाव महसूस करने की स्थितियां होती है। आवश्यक है कि हम इन स्थितियों के पहले ही विद्यार्थियों और पालकों में परीक्षा परिणाम को लेकर उचित मार्गदर्शन करें।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के ऊपर अनावश्यक दबाव और अपेक्षाएं नहीं डालनी चाहिए। अभिभावक अपने विचारों को बच्चों के ऊपर डाल देते हैं। ये अभिभावकों का अतिरिक्त दबाव और अपेक्षाएं होती है, वह सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों का काम सपोर्ट करना है। पालकों को बच्चे की रूचि के अनुसार आगे बढ़ाने सपोर्ट करना है। पालक सपोर्ट करना छोड़कर अपेक्षाएं ज्यादा करते हैं, इससे समस्याएं बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की रूचि बहुत महत्वपूर्ण होती है। पालक यदि बच्चों की रूचि समझते हैं और इसके हिसाब से बच्चों को सपोर्ट करते हैं तो समस्याओं का हल निकाल सकते हैं। बहुत से कारणों से परीक्षा परिणाम खबरा और अच्छा हो सकता है। परीक्षा परिणाम आपके जीवन से बढ़कर नहीं है। परीक्षा तो एक तरीका है, हमने क्या पढ़ाया और बच्चों ने क्या सीखा है।

उन्होंने कहा कि स्कूल में बहुत सारी बातें सीखने मिलती है, केवल शब्द ज्ञान या अन्य ज्ञान के अतिरिक्त शिक्षक, अन्य बच्चों से संपर्क में रहते हैं। जिससे बहुत सारी बातें सीखने को मिलती है। स्कूल का नजरिया यह नहीं होना चाहिए कि बच्चे कितने अंक प्राप्त किए हैं। यही बात पालक और शिक्षक को भी समझना होगा। प्रत्येक बच्चा देश का भविष्य है। पालक, शिक्षक और समाज के अन्य लोगों की भूमिका है कि बच्चे के मन को समझें। अपेक्षा और तुलना ये दो बातें बहुत खराब होती हैं। पालक और शिक्षक इससे कैसे बचे ध्यान रखने कहा। जीवन में सारी चीजों का समावेश होना चाहिए।

### विस्तार से दी जानकारी

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि अभिभावक या परिवार का कोई भी सदस्य बच्चों के साथ कुछ समय बितायेंगे तो बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। उनकी बातों को समझ सकते हैं। उनकी इच्छाओं को जान सकते हैं। जिससे उनकी रूचि के अनुरूप कार्य किया जा सकता है। संचालक सचदेवा न्यू पीटी कॉलेज भिलाई चिरंजीव जैन ने परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता रश्मि सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित थे।

# रश्मिदेवी सिंह कालेज के समाज शास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज में समाजशास्त्र विभाग में शंकराचार्य कालेज भिलाई के डॉ महेन्द्र शर्मा के मुख्य वक्तव्य में अतिथि व्याख्यान हुआ। प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे, छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ महेन्द्र शर्मा ने समाजशास्त्र के बुनियादी तत्वों, सामाजिक परिप्रेक्ष्य, शोध प्रविधि और अनुसंधान पद्धति पर अपना विचार रखा।

प्रभारी प्राचार्य प्रो जितेन्द्र साखरे ने समाजशास्त्र विषय के महत्व की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए शोध कार्य पर विशेष ध्यान देने कहा। छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने अतिथि व्याख्यान को आवश्यक बताते हुए विषय के महत्व को बताया और समाजशास्त्र के साथ-साथ सामाजिक शोध व सांख्यिकीय ग्रामीण समाजशास्त्र, सामाजिक परिवर्तन, अपराधशास्त्र जैसे विषयों का अध्ययन करने कहा। विजेंद्र वर्मा ने समाजशास्त्र मे पोस्ट ग्रेजुएट परीक्षा में सौ के सौ अंक हासिल करने तरीकों के बारे में बताया और बीते सालों के प्रोजेक्ट फाईल का अध्ययन करने कहा। धरमपाल वर्मा ने शोध कार्य और प्रोजेक्ट वर्क में फाईल बनाने को लेकर जानकारी दी। व्याख्यान में विषय से संबंधित स्टुडेंट्स के सवालो का मुख्य वक्ता ने जवाब देकर संतुष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन विजेन्द्र वर्मा, आभार प्रदर्शन छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने किया।

## सात दिवसीय निःशुल्क रोग उपचार शिविर आज से

**राजनांदगांव।** श्री गुरूद्वारा सिंग सभा राजनांदगांव एवं लायंस क्लब ऑफ राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पुराना गुरूद्वारा परिसर में आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क रोग उपचार एवं रोग निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिसमें जाने-माने डॉक्टर एवं आयुर्वेदाचार्य उपस्थित रहेंगे। योग एवं रोग निवारण शिविर सुबह 6 से 8 बजे तक रहेगा। शिविर में सोमवार को होम्योपैथी के डॉ. संतोष शर्मा, मंगलवार को शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ताराचंद सोनी, बुधवार को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके अग्रवाल, गुरुवार को आयुर्वेदाचार्य डॉ. एसके नंदा, शुक्रवार को मेडिसीन डॉ. चेतन साहू, शनिवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के. गुरूनाथ तथा रविवार को चर्मरोग विशेषज्ञ संप्रीति सैन्दूर अपनी सेवाएं देंगे।

# उन्नत कृषि को बढ़ावा देने बनाएं कार्ययोजना : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- किसानों को धान के अलावा अन्य वैकल्पिक फसलें लेने करें प्रोत्साहित

कलेक्टर एस. जयवर्धन ने गुरुवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों से आगामी खरीफ फसल के लिए विभागीय कार्ययोजना एवं तैयारी की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी कृषि आधारित जिला है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों के लिए कृषि ही एकमात्र आय का मुख्य स्त्रोत है।उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत तकनीकी कृषि के लिए वृहद पैमाने पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीकी कृषि के जरिये कृषकों के आमदनी में बढ़ोतरी किया जा सकता है। कृषि विभाग के मैदानी अमला के अधिकारियों को किसानों से भेंट कर उन्नत तकनीकी कृषि की जानकारी देने और समय-समय पर फसल चक्र परिवर्तन करने के अलावा धान के बदले अन्य वैकल्पिक फसलें लेने प्रोत्साहित करने कहा है। वर्तमान समय में मिलेट फसलों की मांग को देखते इन फसलों को लेने किसानों को प्रेरित करते उच्चतम गुणवत्ता के मिलेट फसलों की बीज उपलब्ध कराने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में अगामी खरीफ फसल को ध्यान में रखते खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण और किसानों द्वारा किए जा रहे उठाव की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि किसानों की मांग अनुसार खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने कहा कि खाद-बीज को लेकर कहीं भी कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। जिले के कोई भी किसान अपनी मांग अनुसार खाद-बीज लेने से वंचित न हो, इस बात पर विशेष ध्यान रखने कहा गया है।

### जल संरक्षण के लिए बनाएं प्लान

कलेक्टर ने कहा कि पेयजल और निस्तारी जल सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल हो। पेयजल एवं निस्तारी जल के उपरांत कृषि सिंचाई के लिए आपूर्ति किया जाए। जिले के सभी जलाशय में बरसात के दिनों में जल संग्रहण के लिए एक सुनिश्चित प्लान बनाकर जल संग्रहण करने कहा गया है। जलाशयों से होकर निकलने वाले नहर-नाली की संधारण एवं मरम्मत के कार्य को भी प्राथमिकता में शामिल करते कार्य करने कहा गया है। जलाशयों के जल संग्रहण के लिए विभागीय अमले को विशेष कार्य योजना बनाते बड़े पैमाने पर जल संग्रहण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जल संग्रहण और जल संवर्धन के लिए किसानों को भी शामिल करते इस दिशा में कार्य करने कहा गया है।

## आचार्य प्रशिक्षण शिविर 6 जून से

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में जिला ग्राम भारती एवं सरस्वती शिक्षा समिति के तत्वावधान में दस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी 6 से 15 जून तक किया गया है। शिविर में राजनांदगांव, दुर्ग, कवर्धा जिला के लगभग 150 आचार्य दीदी शामिल होंगे। शिविर में शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक, अध्यात्मिक के साथ पाठ्यक्रम विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
- स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
- किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
- नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
- निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
- सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

## बंदियों को प्ली बारगेनिंग के संबंध में दी गई जानकारी

# सलोनी उप जेल मे बंदियों को दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अध्यक्ष सुषमा सावंत और सचिव हेमंत रात्रे के निर्देशानुसार सलोनी उप जेल में विचाराधीन बंदियों को विधिक जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में एडीजे चन्द्र कुमार कश्यप ने बंदियो को प्ली बारगेनिंग के संबंध मे जानकारी देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा किया गया ऐसा अपराध जिसकी सजा सात साल या उससे कम है या अभियुक्त ने पहली बार अपराध किया है वह अपनी सजा कम करने के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर सजा में सौदेबाजी कर सकता है। छोटे अपराधों में पीड़ित और अभियुक्त आपसी सामंजस्य से सौदेबाजी कर सकते है। अगर कोई आरोपी अपनी गलती स्वीकार करता है तो उसे कम सजा दी जाती है, लेकिन प्ली बारगेनिंग का लाभ किसी भी विचाराधीन आरोपी को एक बार ही मिल सकता है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग ने निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता के संबंध में अवगत कराते हुए कि यह कानून निःशुल्क विधिक सहायता को मूर्तरूप देता है। यह कानून ऐसे व्यक्ति जो निर्धनता या जाति, पंथ या लिंग संबंधी संवेदनशीलता के कारण कोई मामला दर्ज करने या मामले का बचाव करने के लिए वकील की सेवा लेने में समर्थ नहीं हैं, उसे कानूनी सहायता देने वकील उपलब्ध कराता है। ऐसे विचाराधीन बंदी जो अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं हैं वह अपना आवेदन ताल्लुक विधिक सेवा समिति को जेल अधीक्षक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं जहां से उसे केस में पैरवी करने के लिए अधिवक्ता निशुल्क नियुक्त किया जाता है।

### पक्ष रखने मिला है अधिकार

ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुरु प्रसाद देवांगन ने विचाराधीन बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कानून के मुताबिक किसी भी शख्स को तब तक गुनाहगार नहीं माना जा सकता जब तक कोर्ट उसे दोषी नहीं मानता। जब भी किसी शख्स के खिलाफ कोई आरोप लगाया जाता है तो वह आरोपी होता है और जब उक्त शख्स का केस अदालत के सामने आता है तब उसका यह संवैधानिक अधिकार है कि उसे अपने बचाव का मौका मिले। पीएलवी गोलूदास साहू ने सात जुलाई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के बारे में बताया। जागरूकता शिविर में एडीजे श्री कश्यप द्वारा विचाराधीन बंदियों के स्वास्थ्य और समस्याओं को सुना गया। रसोईघर का निरीक्षण कर बंदियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग और मेडिटेशन कराने जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया। शिविर में जेल अधीक्षक योगेश कुमार बंजारे, जेल प्रहरी प्रेम सागर साहू, यशवंत नायक, सुभाष बोई, यशवंत झरिया, प्रमोद कौशिक सहित बंदी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

**उत्साह:** अक्षय तृतीया को लेकर सजा बाजार, शहर सहित अंचलों जबरदस्त रौनक

# अक्ती 10 को, गुड्डा-गुड़िया की शादी धूमधाम से रचाने तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

छत्तीसगढ़ की संस्कृति में शामिल विभिन्न पर्वों में से एक अक्षय तृतीया को लेकर प्रतिवर्षोनुसार की भांति इस वर्ष नौनिहाल बच्चों व लोगों में खासा उत्साह दिखने को मिल रहा है। वहीं शहर व ग्रामीण क्षेत्र के बाजार व गली-मोहल्ले तथा चौंक चौराहों में देसी मटका तथा पुतरा-पुतरी का बाजार सजा हुआ है।

10 मई को पडने वाली अक्षय तृतीया को को लेकर अब बाजार व ग्रामीण क्षेत्रों तथा गली मोहल्ले में रौनक दिखने लगी है। कुम्हारों द्वारा मिट्टी के बर्तन के साथ ही मिट्टी से बने खिलौने को लेकर बाजार और ग्रामीण अंचलों में के साथ गांव-गांव पहुंच रहे हैं, अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में जहां एक तरफ लोग अपने बेटा-बेटियों का विवाह संपन्न करने की तैयारी में जुटे हुए हैं वहीं दूसरे तरफ नौनिहाल बच्चों भी अपने गुड्डा-गुडिया की शादी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ रचाने की तैयारी में जोर शोर से जूट गए हैं। नौनिहाल छात्र छात्राओं व परीक्षा व गर्मी की छुट्टी होने के बाद अक्षय तृतीया या अक्ती पर्व में बच्चों के लिए गुड्डा-गुड़ियों की शादी का खेल सबसे रोचक है। यहां बताना लाजिमी होगा कि छत्तीसगढ़ को संस्कृति में हर त्यौहार विशेष महत्व रखता है इस उनके पीछे जहां एक ओर कुछ धार्मिक और लोक मान्यताएं होते हैं वहीं दूसरी ओर कुछ पर्व मनोरंजन ही है अक्ती के दिन बच्चों द्वारा गुड्डा गुड़ियों की शादी का खेल-खेलना भी इस विशिष्ट परंपरा का हिस्सा है।

जिससे पर्व निखार उड़ाते हैं गांव-गांव कुम्हार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया यानी अक्ती के मौके पर गुड्डा-गुड़ियों का खेल किसी भी पर्व से संबंधित एक मात्र ऐसा लोग खेल है जिसमें केवल बच्चे सम्मिलित होते हैं इसमें लड़कियां रस्म निभाती है और लड़के बाजा-बजाते हैं इस खेल में पुत्र-पुत्री, वर-वधू के प्रतीक होती है और यह दोनों की मिट्टी की बनी होती है अक्षय तृतीया के पहले से ही कुम्हारों द्वारा मिट्टी के बर्तनों के साथ ही मिट्टी से बने इन खिलौनों का रंग-रोगन कर बाजार व ग्रामीण क्षेत्रों में अक्ती पर्व के पहले ही कुम्हार इनका निर्माण कर गांव-गांव पहुंच रहे हैं।



## गर्मी के चलते देसी फ्रिज की बढ़ी डिमांड

तेज धूप, गर्मी व उमस से आम नागरिकों का जीना दुभर हो गया है वहीं उमस तथा तेज धूप से भारी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोग गर्मी से राहत पाने के उपाय भी ढूंढ रहे हैं ठंडा पानी गर्मी से राहत दिलाता है इसलिए देसी फ्रिज मटके की मांग बाजार में भी बढ़ गई है, इन दोनों अधिकतम पारा 42 व 43 डिग्री के पारा पहुंच गए हैं, तेज धूप व गर्मी तथा उमस से राहत पाने जमकर देसी फ्रिज की खरीददारी की जा रही है। वहीं बाजारो में मटका 50 से 70 व 80 व 100 तथा 250 रुपए तक मिल रही है। और देसी फ्रीज से गर्मी के समय में पानी पीने से राहत मिलती है अक्ति पर्व में कृषि कार्य भी प्रारंभ हो जाते हैं और शुभ माना जाता है।

# ठेकेदार व जिम्मेदारों की भारी लापरवाही, हादसे को दे रहा न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में किसान कुटीर भवन के लिए स्वीकृत राशि जारी किया गया। लेकिन ठेकेदारों व जिम्मेदारों की भारी लापरवाही सामने आई है। जो कि किसान कुटीर भवन निर्माण के लिए कॉलम गड्ढा खोदकर न तो निर्माण कार्य कराया जा रहा है और ना ही कोई इस ओर ध्यान दिया जा रहा। जिसके को छोटी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कॉलम गड्ढे को 6 माह पहले किसान कुटीर भवन निर्माण कार्य के लिए कॉलम गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया वहीं किसान कुटीर भवन निर्माण कार्य का कुछ अता पता नहीं होने के कारण ग्रामीणों की समस्या और बढ़ गई है, कहीं को हादसा न हो जाएं। जिम्मेदार व ठेकेदारों की भारी लापरवाही व अनिमितता तथा निर्माण कार्य की राशि स्वीकृत होने के बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार विभाग को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द किसान कुटीर भवन निर्माण कार्य कराने की अपील की गई ताकि किसानों को लिए सुविधा व राहत मिल सकें।



## परीक्षा परिणाम से बच्चे और पालकों को घबराना नहीं चाहिए

**हरिभूमि बोड़ला।** वनांचल क्षेत्र शासकीय हाई स्कूल बैरख में शिक्षकों द्वारा डोर टू डोर पालकों से संपर्क कर परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव से मुक्ति हेतु पालक शिक्षक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें उच्च कार्यालय के आदेशानुसार पालकों को बताया गया कि आने वाले एक सप्ताह में बोर्ड परीक्षा परिणाम आने वाला है। पालकों को एवं बच्चों दोनों को परीक्षा परिणाम से संतुष्ट होना है, कोई भी परीक्षा जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं होती है। पालकों को बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए, बच्चों के व्यवहार का पता करते रहें। एकांकीपन में साथ रहकर सकरात्मक सलाह देते हुए भविष्य में अच्छा करने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान प्राचार्य सोहन कुमार यादव, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, पालक गण जिसमें जैन सिंह, नैन सिंह, सहित पालक गण व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**खबर संक्षेप**

### साफ-सफाई के अभाव में ग्राम दौजरी की गलियों किचड़ सें लथपथ



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम दौजरी में सीसी रोड़ में साफ सफाई के अभाव में ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं लाभ नही मिल पा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पक्की नाली तथा साफ-सफाई के अभाव में घरों का गंदा पानी गली मोहल्ले में बहने से गलियां किचड़ से लथपथ व आवागमन बाधित हो रहा है। वहीं लोग गिरकर चोटिल हो रहें है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा साफ सफाई कराने की मांग कि गई ताकि सड़क की हालत बेहतर हो सके तथा ग्रामीणो को सुविधा व रात मिल सकें।

# तीन दिवसीय सतनाम मेला कार्यक्रम संपन्न, उमड़ी भारी भीड़



■ सतनाम मेले में गुरू के संदेश को जन जन तक पहुंचाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

ग्राम डबराभाट में तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के प्रमुख भंडारी छड़ीदार व महंत गुरु तथा ग्रामवासियों द्वारा कार्यक्रम की शुरूवात की गई। गांव में सतनाम भव्य शोभा यात्रा निकाली गई वहीं इस तीन दिवसीय गांव में सतनाम की गूंज, सतनाम मेले में जगत गुरु धर्मगुरु विजय कुमार भारत वर्ष की सुपुत्री गुरु दीदी प्रियंका का आगमन पर धूमधाम से आरती उतारकर भव्य स्वागत की गई। गुरु दीदी प्रियंका ने समाज में एकजुटता बनाए रखने के लिए अपील कि और समाज को नशा मुक्ति का संदेश दिया, ताकि समाज नशा से दूर रहकर आगे बढ़ सके। इस तीन दिवसीय सतनाम मेला मे विभिन्न कलाकारों व पंथी नृत्य के माध्यम से गुरु के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। जिसमें आसपास के ग्रामीण सहित समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मेले में शामिल हुए व तीन दिवसीय सतनाम मेला का आनंद लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सेवा समिति डबराभाट के अध्यक्ष जवाहर लाल बघेल, भंडारी रामविलास पात्रे, छाटीदार विसराम बंजारे, सदस्य प्रमुख साहेब दास अहिरे, रामा कोशले, गनेश पात्रे, निर्मल घृतलहरे, उप सरपंच अतुल, लक्की केशकर, शत्रुहन, रामजी सराहनीय योगदान व सेवा किया।

# राम मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य मे रामनामी समाज नें किया आभार, डिप्टी सीएम हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अयोध्या मे प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण से उत्साहित रामनामी समाज के लोगो ने जांजगीर मे सम्मेलन आयोजित कर भाजपा व नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। रामनामी सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारे रामनामी पंथ के लोग प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त है, इनकी भक्ति को मै तन-मन से प्रणाम करता हूं। इनके तन-मन और प्राण मे प्रभु श्रीराम का वास है।

पूरे रामनामी समाज ने अपने शरीर के रोम-रोम मे राम का नाम लिखकर अपना सम्पूर्ण जीवन प्रभु राम को समर्पित कर दिया, मै अखिल भारतीय रामनामी छग रामनामी जिला व पूरे क्षेत्र के रामनामी पंथ के लोगो का मन के अन्तः करण से आभार व्यक्त करता हूं।

जिन्होंने इतना बड़ा सम्मेलन कर भाजपा व प्रधानमंत्री का आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया। 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के अयोध्या मे प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे रामनामी पंथ के लोग शामिल हुए थे, पंथ के लोगों ने कार्यक्रम से वापस आकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने की इच्छा व्यक्त की थी और उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारीयो व मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कराने का रामनामी समाज के लोगो को न्यौता भेजा जब अपने चुनाव प्रचार मे भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के पक्ष मे प्रचार करने 23 अप्रैल को सक्ती जिले के ग्राम जेठा पहुंचे थे।



तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामनामी पंथ के अध्यक्ष आचार्य मेहतरराम रामनामी व माता सतबाई रामनामी को अपने साथ मंच पर बैठाकर उनसे मुलाकात की उनसे बाते की उनको सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कहा कि आप चुनाव के बाद रामनामी पंथ के सभी लोगो को पूरे सम्मान व आदर सत्कार के साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन कराने अयोध्या भेजे रामनामी समाज के लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने का आशीर्वाद एवं अपना पूरा समर्थन शत-प्रतिशत देने का वचन दिया और आभार व्यक्त करते हुए पूरे समाज के लोग लोकसभा क्षेत्र से इकट्ठा होकर राम-राम के नारो से जयकारा लगाते हुए पूरे माहौल को राममय बना दिए।

मंच मे उन्होंने भजन गायन कर राम-राम के मधुर गीत गाकर उपस्थित लोगो को राम भक्तिमय कर दिया, कार्यक्रम का संचालन करते हुए सम्मेलन के संयोजक कृष्णकांत चन्द्रा ने कहा कि रामनामी समाज के लोग अत्यंत सहज सरल एवं सादगीपूर्ण तरीके से अपना जीवन यापन करते है और उन्होंने रामनामी समाज के पूरे इतिहास का वर्णन किया, उक्त सम्मेलन मे सैकड़ो की संख्या मे पंथ के लोग शामिल हुए जिसमे प्रमुख रूप से आचार्य मेहतरराम रामनामी, गुरूमाता श्रीमती सेतबाई रामनामी, महासचिव गुलाराम रामनामी, कौशल रामनी गंगाराम रामनामी, प्यारे रामनामी, संचालक कुंजबिहारी रामनामी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परीक्षा परिणाम से तनावमुक्त करने कोयलारी में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित



**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय हाई स्कूल कोयलारी में परीक्षा परिणाम से तनावमुक्त करने हेतु शुक्रवार को पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों एवं पालकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखने हेतु बैठक आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों में सोच के अनुरूप कम अंक प्राप्त होना या अनुत्तीर्ण, पूरक आ जाने जैसे स्थिति में तनावग्रस्त हो जाने जिन कारणों के लिए स्कूल के विषय शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखे जाने हेतु आवश्यक जानकारियों दी गई। बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आने से विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने तथा निरंतर आगे बढ़ने के लिए अभिप्रेरित करने की दक्षता का विकास, परीक्षा परिणाम से तनाव के कारण होने वाले अवसाद के लक्षणों की पहचान के संबंध में जानकारी साझा किया गया। चुकी बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी है और सभी को परीक्षा परिणाम का इंतजार है। घोषित होने वाली परीक्षा परिणाम में कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप होंगें जबकि अधिसंख्या विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम अपेक्षा से कम होंगे। जिससे उत्पन्न होने वाले तनाव को कम किए जाने पर परि चर्चा किया गया। इस बैठक में स्कूल के प्राभारी प्राचार्य नरेश कुमार सिन्हा, पालक कृष्ण कुमार चन्द्राकर, लोकनाथ चंद्राकर, संतोष साहू, मोतीराम चंद्राकर, सतीश चंद्राकर, मनराखन यादव, व्याख्याता कीर्तन नायक, श्रीमती सोनलता मरकाम व खिलेश्वर चंद्राकर सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व पालक गण उपस्थित थें।

**पालक व शिक्षक तथा विद्यार्थियों का जन-जागरूकता बैठक संपन्न**

# रवेली स्कूल में तनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭रवेली

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली में आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम से पूर्व परीक्षा की परिणाम को लेकर तनाव व निराशा से बचाने हेतु विद्यालय में शानिवार को पालक व शिक्षक तथा विद्यार्थियों का जन-जागरूकता बैठक आयोजित किया गया।

उक्त दिवस में बताया गया कि छात्र-छात्राओं, पालकों को जन-जागरूक करने हेतु यह कार्य शाला आयोजित किया गया तथा किसी अप्रिय स्थिति से बचने सार्थक प्रयास किया जा रहा है, परीक्षा परिणाम आशानुरुप होना ही जीवन में सफलता प्राप्त होगी, ऐसा कोई बात नही है हमारे सामने बहुत से उदाहरण है। जिन्होंने पढ़ाई लिखाई के दौरान अच्छा प्रदर्शन नही किया, किंतु जीवन अत्यंत सफल रहे। तनाव ग्रसित बच्चे के लक्षण है मौन रहना, अकेलेपन, गुमसुम रहना, काम में मन नही लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नही लगना इत्यादि। तनाव के कारण होने वाले अवसाद के लक्षणों की पहचान कर तत्काल स्कूल शिक्षकों को सूचित करे तथा पालको को विद्यार्थियों की देखरेख करें।




इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य केएस साहू, व्याख्याता एमके श्रीवास, जितेंद्र कुमार राजपूत, रमेश कुमार पाली, किशन लाल सत्यवंशी, बीपी चंद्रवंशी, पीके चंद्रवंशी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व पालक गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**बिजनेस साइड**

## एलआईसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर विनोद साहू सम्मानित




**हरिभूमि कवर्धा।** दो दिवसीय एलआईसी जोनल कार्यालय भोपाल में भारतीय जीवन बीमा निगम के जेडटीसी ट्रेनिंग 02 व 03 मई को हुआ। जिसमे एलआईसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर विनोद कुमार साहू को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय जीवन बीमा निगम भोपाल जोन के वरिष्ठ टीपीसी भाटिया द्वारा सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय एलआईसी जोनल कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में अभिकर्ता गण उपस्थित थें।

**निधन**

### सतीश दुबे का आकस्मिक निधन



**हरिभूमि पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय पंडरिया से सेवानिवृत्त हुए सतीश दुबे का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। स्व. सतीश दुबे का अंतिम संस्कार सोमवार को पंडरिया स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व. सतीश दुबे सरल, सहज व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थें, श्री दुबे का आकस्मिक निधन से आसपास क्षेत्र में शोक व्याप्त है। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ चलें गए, स्व.सतीय दुबे श्रीमती स्वर्णलता दुबे के पति थे।

ज्योतिषी

पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉंसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### बलात्कार का अरोपी हैदराबाद से गिरफ्तारी

**कवर्धा।** नाबालिक लड़की को बहला फुलाकर अपहत करने वाला आरोपी को कुण्डा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपहता के पिता द्वारा गत 14 मार्च 2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिक लड़की को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित पिता की इस रिपोर्ट पर थाना कुंडा में अपराध क्रमांक 49/ 24 धारा 363 कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी और अपहता के हैदराबाद में होने की सूचना पर थाना प्रभारी महेश प्रधान के नेतृत्व में टीम तैयार कर पतासाजी के लिए हैदराबाद भेजी गई। जहां पुलिस ने आरोपी के ठिकाने में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया और नाबालिक युवति को परिजनो के हवाले कर दिया वहीं आरोपी अजय भार्गव पिता सुनील भार्गव आयु 20 वर्ष निवासी सोनपुरी थाना फास्टरपुर जिला मुंगेली के विरूद्ध धारा 363,366,376 भादवि 06,04 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया है।

### तनाव दूर करने विद्यार्थियों को दी गई टिप्स

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल नवघटा में परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव दूर करने के लिए बीते शनिवार को पालक, शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे संस्था की प्राचार्य पद्मिनी साहू, रामनाथ योगी, रोहित कुमार ध्रुवे, कुसुम सिंह ठाकुर, पालकगण एवं कक्षा 10 वी के विद्यार्थी उपस्थित थे। संस्था की प्राचार्या ने कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी है। अगर आप परीक्षा में असफल हो जाते है या आशा के अनुरूप परिणाम नही आते तो आपको निराश नहीं होना है आगे की तैयारी करना चाहिए। उन्होने कहा कि जीवन में एक ही बार अवसर नही आते भविष्य बनाने के बहुत सारे अवसर हैं। जिनकी तैयारी करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। सभी शिक्षकों ने परीक्षा परिणाम से बच्चों के व्यवहार मे परिवर्तन पर ध्यान देने व उत्पन्न तनाव को किस प्रकार पहचान कर दूर करे एवं उनमें सकारात्मक दृष्टि कोण का कैसे विकास करे इन सभी विषयों पर अपनी बात रखी। अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को किस प्रकार पुनः तैयारी करे एवं आगे किस क्षेत्र मे कैरियर बनाने की संभावना अधिक है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई।

### अक्ती पर बाल विवाह रोकने प्रशासन सतर्क

**कवर्धा।** अक्षय तृतीया 10 मई को है। इस दिन बड़ी संख्या में विवाह होते हैं। ऐसे में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने प्रशासन सतर्क है। जिला प्रशासन ने अपील की है कि पहले विवाह की निर्धारित आयु का सत्यापन अनिवार्य रूप से कर लें। लड़के की उम्र 21 व लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुका हैं, इसके उपरांत ही विवाह करें। बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, कानूनन अपराध भी है।

# डिप्टी सीएम की पहल पर जिला चिकित्सालय मॉडल चिकित्सालय की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा जिला चिकित्सालय में जरूरतमंद मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ अन्य सुविधओं को बेहतर बनाने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उनके विगत महिनो से जारी इन प्रयासों के अब सार्थक परिणाम भी दिखने लगे हैं और जिला चिकित्सालय कबीरधाम मॉडल चिकित्सालय की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप एवं निर्देशानुसार रामप्रसाद बघेल के सतत निगरानी एवं सहयोग से कबीरधाम जिला चिकित्सालय में चिकित्सकीय व्यवस्था एवं मरीजों के बेहतर ईलाज के लिए समस्त चिकित्सा अधिकारियों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों को उनके मूल कार्य के अतिरिक्त विभागवार कार्य विभाजन कर जवाबदेही सौंपा गया है और निरंतर सुधार किया जा रहा है।

चिकित्सालय के प्रभारी सिविल सर्जन डाक्टर केशव ध्रुव एवं प्रभारी आरएमओ डॉक्टर राकेश कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय के सभी चिकित्सकों को अलग-अलग विभागवार कार्य विभाजित कर 15 विभागों में बांटा गया है। जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर सलिल मिश्रा शिशु रोग विभाग के प्रभारी हैं एवं उनको एसएनसीयू, पोषण पुनर्वास केंद्र एवं स्नातकोत्तर गाइड तथा जिला टीकाकरण अधिकारी का भी अतिरिक्त प्रभार है।

नवजात बच्चों से लेकर कुपोषित बच्चों एवं नव युवाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्त कार्यक्रमों का भी दायित्व निभाया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के शिशु रोग विभाग में लगातार कम वजन के बच्चों का उपचार, सिकलिंग से ग्रस्त बच्चों का उपचार, थैलेसीमिया का उपचार एवं अन्य गंभीर बीमारियों का उपकार किया जा रहा है। विगत 4 माह में जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू में लगभग 320 गंभीर एवं कम वजन वाले बच्चों को भर्ती कर उपचार किया गया। गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर लगभग 16 दिन तक पोषण प्रदान किया जाता है।

बच्चे के साथ उनकी मां को भी रुकने की व्यवस्था होती है एवं मां को प्रतिदिन क्षतिपूर्ति राशि 150 रुपए के दर से कुल 2250 रूपए प्रदान की जाती है। इसी प्रकार डॉक्टर कुणाल चंद्र झा को मेडिसिन वार्ड का प्रभारी एवं डाक्टर स्वप्निल पाण्डेय को सहायक वार्ड प्रभारी बनाया गया है। मेडिसिन विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम, आईसीटीसी, सम्बन्धित समस्त कार्यों का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है, ताकि हमारे जिले में उक्त बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम संबंधी कार्यों का सफल संचालन किया जा सके। डाक्टर अर्पित यादव को सर्जरी विभाग, डॉक्टर स्वप्निल तिवारी को ओपीडी, ई हॉस्पिटल, राष्ट्रीय रेबीज कंट्रोल प्रोग्राम, एमसीडी, बीएमडब्ल्यू एवं सिकल सेल यूनिट का अतिरिक्त कार्य सौंपा गया है। वहीं प्रभारी आरएमओ डॉक्टर राकेश कुमार आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था संबंधी कार्यों के अलावा मानसिक रोगों के उपचार एवं आत्महत्या रोकथाम तथा नशामुक्ति संबंधी कार्यों का भी संपादन करते है। इनके सहायक के रूप में डॉक्टर प्रांजल जैन अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं आपातकालीन परिस्थितियों के प्रशिक्षित चिकित्सक डॉक्टर पुरषोत्तम राजपूत भी आपातकालीन सेवाओं हेतु सदैव उपस्थित रहते हैं।

### सुविधाओं व व्यवस्थाओं पर रखी जा रही पैनी नजर



जिला चिकित्सालय में चेकलिस्ट बनाकर उपकरणों की व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं का सतत निगरानी किया जाता है। पानी, बिजली, जेनरेटर, ऑक्सीजन प्लांट के सफल संचालन हेतु हॉस्पिटल प्रबंधक अरुण पवार को जिम्मेदारी दी गई है। जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन दो बार साफ सफाई, पोछा की जाती है एवं अपशिष्टों का निपटान किया जाता है। मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में आहार अत्यंत महत्वपूर्ण है, मरीजों को उनकी बीमारी एवं चिकित्सकों के सलाह अनुरूप डाइटिशियन शिवांगी सोनी के द्वारा प्रतिदिन डाइट बनाकर दिया जाता है, एवम इस कार्य कि निगरानी भी की जाती है। भोजन की गुणवत्ता की समय समय पर फूड एंड सेफ्टी विभाग द्वारा जांच भी की जाती है। जिला चिकित्सालय को मॉडल जिला चिकित्सालय बनाने की शासन की योजना अनुरूप प्रशिक्षित चिकित्सक डॉक्टर कुणाल झा, अरुण पवार हॉस्पिटल सलाहकार एवं प्रभारी मेट्रन श्रीमती कृष्णा वासनिक के संयुक्त दल के द्वारा प्रस्तावना तैयार किया जा रहा है। गठित दल के द्वारा बनाए जा रहे प्रस्ताव को शासन को शीघ्र ही भेजा जाएगा और बहुत ही जल्द वर्तमान जिला चिकित्सालय एक नए मॉडल जिला चिकित्सालय के रूप में क्षेत्र की जनता की सेवा में उपलब्ध रहेगा।

**समस्या:** आपराधिक व शरारती तत्वों के खिलाफ ठोस कार्यवाही की जरूरत

# शरारती तत्वों से लोग त्रस्त घरों में आग लगाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में आपराधिक एवं आसामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस प्रशासन का ढुलमुल रवैया नगरवासियों पर भारी पड़ रहा है और उन्हें इसका खामियाजा कई रूपों में भुगतना पड़ रहा है। आलम ये है कि आपराधिक एवं आसामाजिक तत्व मौका पाते ही चोरी चकारी जैसी घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहे हैं।

वहीं हाल ही में ऐसे ही तत्वों ने नगर के एक वार्ड के कुछ घरों में आग लगाने का भी प्रयास किया है। इसे वार्डवासियों की सजगता ही कहें की वे अपनी नपाक मंशा को पूरा करने में सफल नहीं हो पाए और कोई बड़ा हादसा टल गया। बताया है कि कवर्धा कोतवाली अंतर्गत जज बंगला के पीछे बीती रात कुछ आसामाजिक तत्वों ने तीन कच्चे मकानो में आग लगा दी। आग लगाने के बाद आहट पाकर मकान मालिक की नींद टूट गई और उन्होने तत्काल बाहर निकलकर शोर मचाया तथा आग को फैलने से पहले ही बुझा दिया गया। वहीं लोगों को घरों से बाहर निकलते देख आसामाजिक तत्व मौके से चंपत हो गए। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा में कुछ आसामाजिक तथा आपराधिक तत्व और बाल चोर लम्बे समय से सक्रिय हैं जो जो मौका पाते ही छोटी बड़ी चोरी चकारी के साथ कई बड़े अपराधों को भी अंजाम देने में गुरेज नहीं कर रहे हैं। घरों के बाहर खड़े वाहनो में चोरी, निर्माणाधीन घरों में चोरी जैसे काम इनके लिए आम बात हो गई है। जिससे शहर के लोग त्रस्त हो चुके हैं। पीड़ितों द्वारा समय-समय पर इनकी शिकायतें भी कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई जा रही है लेकिन कोई ठोस कार्यवाही के आभाव में समस्या से सामाधान नहीं मिल पा रहा है।

### नहीं हो पाती पुख्ता कार्यवाही



यहां बताना लाजिमी होगा कि इस तरह की घटनाओं को ज्यादातर नाबालिक बच्चों द्वारा अंजाम दिया जाता है। जो एक तो बारदात के बाद आसानी से पुलिस की गिरफ्त में आ नहीं पाते और आ भी जाते हैं तो पुलिस प्रशासन उनके खिलाफ ज्यादा कुछ कर भी नहीं पाता। यही वजह है कि पुख्ता तथा ठोस कार्यवाही के आभाव में इन नाबालिक चोर गिरोह द्वारा बार-बार घटनाओं की पुर्नावृत्ति की जाती है।

### सुनियोजित ढंग से बारदातों को दिया जाता है अंजाम

यहां बताना लाजिमी होगा कि इस तरह का बाल चोर गिरोह चार-पांच की संख्या में सक्रिय रहता है जो किसी भी मौके का फायदा उठाने में जरा भी देर नहीं करता। सूत्रों की माने तो इनकी नजर ज्यादा तरह असुरक्षित ढंग से घर के बाहर खड़ी गाडियां या दूसरा कीमती सामान होता है। जिसमें से वे मौका पाते ही बैटरी, टूल बाक्स आदि पार कर देते हैं और उसे तत्काल बेंचकर ठिकाने लगा देते हैं।

# शराब और सट्टे के अवैध कारोबार से बढ़ रहा वनांचल में असंतोष

- त्रस्त ग्रामीणों ने लगाई कार्यवाही की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

अंचल के गांवों में पिछले कुछ समय से शराब और सट्टे का अवैध कारोबार काफी बढ़ गया है। अंचल का किशोर एवं युवा वर्ग इसकी गिरफ्त में फंसकर ना केवल अपना धन और जीवन नष्ट कर रहा है बल्कि इनके चलते गांव का शांत वातावरण भी अशांत बनता जा रहा है और तमाम असामाजिक तथा आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोदवागोड़ान सहित आसपास के गांवों में शराब का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। एक ओर जहां भट्ठी की शराब कोचियों के माध्यम से दूसरे गांवों में बेंची जा रही है वहीं महुआ की बनी कच्ची शराब भी जगह-जगह बेंची जा रही है। बताया जाता है कि स्थानीय शराब भट्ठी से अंचल के ग्राम मदनपुर और अमलडीहा सहित कुछ गांवों में काफी लंबे अरसे से शराब की अवैध सप्लाई की जा रही है। जिसे कोचियों के माध्यम से खपाया जाता है। ग्राम मदनपुर के लोगों ने बताया कि शराब की अवैध बिक्री के चलते गांवा में तनाव की स्थिति बनी रहती है। यह भी जानकारी मिली है कि भट्ठी में बिकने वाली अंग्रेजी शराब गांव के पान ठेलों और दुकानो में भी बेंची जा रही है। बेंचने वाले जहां इन्हें बेखौफ होकर बेंच रहे है वहीं पीने वाले भी कोल्डड्रिंक की तरह शराब की घूंट लेते देखे जा सकते हैं। इसी तरह एक निश्चित समय और निर्धारित स्थान पर सट्टा पट्टी का धंधा भी बदस्तूर चल रहा है। अंचल में धड़ल्ले से चल रहे इन अवैध धंधो की जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन आबकारी विभाग को भी है, साथ ही अखबारों के माध्यम से भी समय-समय पर इस संबंध में आवाज उठाई गई किन्तु आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। अवैध धंधे में लगे लोगों की निर्भयता तथा पुलिस व आबकारी विभाग की उदासीनता को देखते हुए लोगों को लगता है कि यह सब मिलीभगत और संरक्षण में चल रहा है। अंचल में चल रहे शराब के अवैध कारोबार तथा बच्चों तथा युवा वर्ग में बढ़ती शराब खोरी से जहां परिवारों में आए दिन लड़ाई भगड़े हो रहे हैं और प्राय हर समय अशांति का माहौल बना रहता है, वहीं इन सबसे महिलाओं में आक्रोश भी काफी बढ़ रहा है।

# स्थापना दिवस पर पौधारोपण व की गई तालाब की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

नगर पालिका के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को नगर के महामाया पर शनि मंदिर के पास कदम्ब, कोनाकार्पस व बादाम के 6 पौधे लगाए गए।साथ ही तालाब के खरपतवार जलकुंभी व गंदगी का सफाई किया गया। नगर पालिका सीएमओ कोमल ठाकुर ने बताया कि तालाब में गंदगी न फेंकने की अपील की जा रही है।साथ ही इसके सफाई कार्य की शुरुवात की गई है। उन्होंने बताया कि नगर वासियों के सहयोग से नगर के तालाबो को स्वच्छ बनाने व साफ सुथरा रखने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति के मोहन सिंह राजपूत, अनुराग ठाकुर, मोहन सिंह (राजू), राजीव श्रीवास्तव, हमीद खान, गलीराम बंजारे, मुकेश कौशिक,नगर पालिका के इंजीनियर तेजस्विनी जीरापुरे, श्रद्धा कौशिक, सावित्री भातवे, प्रियंका भास्कर, अमित सोनी, निलेश चंद्रवंशी, बृजकिशोर सोनी, शिवेंद्र करे, रवि सारथी, सौरभ कासिया, राजू मरकाम, जितेंद्र जायसवाल, नारायण चौहान, बहादुर जांगड़े, समीर खान, राजमोहन अनंत सहित अनेक लोग उपस्थित थे। पंडरिया नगर पालिका परिषद की स्थापना 5 मई 1985 में हुई थी। इससे पहले पंडरिया ग्राम पंचायत के रूप में थी। पंडरिया नगर पालिका ने 40 वर्ष का सफर नगर के रूप में तय कर लिया है।



# पुलिस के हत्थे चढ़े आधा दर्जन सटोरिया लाखों की सट्टा पट्टी व मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस और साइबर सेल कवर्धा की संयुक्त टीम ने रविवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने इन सटोरियों के पास से लाखों रूपए की सट्टा पट्टी, मोबाईल फोन तथा अन्य सामग्री जप्त की है। गिरफ्त में आए सटोरियों के विरूद्ध धारा 06, 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मई को मुखबिर के जरिए कवर्धा कोतवाली पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी कि कुछ सटोरिया कवर्धा थाना क्षेत्र के अलग-अलग ईलाकों में सक्रिय है और बड़े पैमाने पर सट्टा पट्टी लिख रहे हैं। इस सूचना के बाद कवर्धा कोतवाली पुलिस और साइबर सेल कवर्धा की संयुक्त टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थानो पर दबिस देकर सटोरिया शिवकुमार मिरि निवासी कवर्धा जिला कबीरधाम, लोकेश देवार कवर्धा जिला कबीरधाम, भाई राम देवार कवर्धा जिला कबीरधाम, अब्दुल नईम कवर्धा जिला कबीरधाम, पवन देवांगन कवर्धा तथा लक्ष्मण निषाद कवर्धा को दबोच लिया। वहीं एक अन्य खाइवाल धर्मेंद्र आडिले निवासी सतनामी पारा कवर्धा पुलिस के डर से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस गिरफ्त में आए सटोरियों से पुलिस ने उनके पास रखे मोबाईल फोन में अंको के माध्यम से सट्टा खेलने का चैटिंग, बड़ी मात्रा में सट्टा पट्टी, विभिन्न कम्पनियों के 06 नग मोबाईल फोन कीमती करीबन डेढ़ लाख रुपए जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना कवर्धा मे धारा 06, 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।




**तालाबों के व्यवसायिक उपयोग के चलते गायब हो गया ढेंस कांदा का स्वाद**

# कुछ ही तालाब उपलब्ध करा पाते हैं लोगों का पसंदीदा ढेंस कांदा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ में पसंदीदा सब्जी के रूप में उपयोग किया जाने वाला ढेंस कांदा अब धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहा है। क्योंकि तालाबों की सुंदरता और उन्हें आठों महिने बारह काल पानी से लबालब रखने में खासे मददगार कमलकंद अब अंचल के तालाबों में नजर ही नहीं आते। इस स्थिति के चलते जहां तलाबों के अस्तित्व पर तो खतरा मंडरा ही रहा है साथ ही लोगों को अपनी मनपसंत और बेहद पौष्टिक माना जाने वाला ढेंस कांदा भी नहीं मिल पा रहा है। लेकिन व्यवसायिक उपयोगिता से दूर कुछ एक तालाब जरूर है जिनमें कमल के फूलों की मनमोहक छंटा के साथ-साथ विपरीत मौसम में लबालब पानी तो नजर आता ही है साथ ही ये तालाब लोगों को ढेंस कांदा भी उपलब्ध कराते हैं। विकासखण्ड बोड़ला में बैजलपुर मार्ग स्थिति एक ऐसा ही तालाब स्थित है जहां इस भीषण गर्मी में न सिर्फ कमल की मनमोहक छटा दिखाई देती है बल्कि साफ निर्मल पानी भी मन को मोह लेता है। इस तालाब से ग्रामीण ढेंस कांदा भी प्राप्त करते हैं। अंचल के बजुर्गो की माने तो एक समय था जब प्रायः सभी गांवों के तालाबों में कमलकंद प्रमुखता से पाया जाता था। कमलकंद तालाबों की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें विपरीत मौसम में भी सूखने से बचाए रखने में काफी मददगार साबित होता था। वहीं इसकी वजह से तालाब का पानी भी स्वच्छ रहता था। इसके अलावा लोग कमल फूल की डंडी यानी ढेंस कांदा का उपयोग सब्जी के रूप में भी करते हैं। कमलकंद की इस उपयोगिता को देखते हुए ही पुराने लोग तालाबों में इसे विशेष स्थान दिया करते थे। लेकिन आज हालत बदल गए है। जब से तालाबों का व्यवसायिक उपयोग करते हुए मछली पालन प्रारंभ किया गया है कमलकंद का अस्तित्व ही नष्ट हो गया है। गांव में आम निस्तारी के लिए रीड़ की हड्डी माने जाने वाले इन तालाबों को शासन की योजनाओं के तहत लीज पर लेकर मछली पालन करने वालों ने इन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया। जिसका दुष्परिणाम आज हम सबके सामने है। तालाबों में वीरानी सी छाई रहती है सो तो अलग है उस पर गर्मी के शुरूआती दौर में ही अंचल के आधे से अधिक तालाबों का पानी गायब हो जाता है। बचे खुचे तालाब गर्मी के अंत तक सूख कर फट पड़ते है। जिसका खामियाजा मानव समाज के साथ-साथ जीव-जंतुओं को भी भुगतना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए आज फिर इन कमलकंदों की आवश्यकता अंचल के तालाबों में महसूस की जा रही है।

### प्याऊ घर का शुभारंभ...




**कवर्धा।** लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने कवर्धा नगर के लोहारा रोड़ स्थित दुर्गा मंदिर के पास पाण्डेय परिवार द्वारा अपने दिवंगत माता, पिता एवं भाई की स्मृति में राहगीरों को गुड़ और चना खिलाकर किया गया प्याऊ घर का शुभारंभ।